कार्यालय अध्यक्ष, वाणिज्य कर अधिकरण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**आदेशॉक–वा0क0अधि0/युगलपीठ/ ——/2026 दि0 लखनऊः 17 जुलाई, 2026**

**–:: संशोधित आदेश ::–**

मुख्यालय के आदेशांक 591/2026 दिनांक 05.06.2026 के द्वारा माह जुलाई, 2026 में **जनपद नोएडा** में युगलपीठ का गठन **दिनांक 20.07.2026 से 22.07.2026** तक किया गया था। उपरोक्त युगलपीठ में विभागीय सदस्य के रूप में सदस्य, वाणिज्य कर अधिकरण, पीठ–मुरादाबाद को नामित किया गया था। पीठ–2, नोएडा के रिक्त पद पर श्री मिथिलेश कुमार शुक्ला की तैनाती एवं दिनांक 27.06.2026 को पदभार ग्रहण कर लेने के पश्चात मुख्यालय के संशोधित आदेशांक 678/2026 दिनांक 29.06.2026 के द्वारा विभागीय सदस्य के रूप में सदस्य पीठ मुरादाबाद के स्थान पर सदस्य पीठ–2 नोएडा को नामित किया गया है।

सदस्य, पीठ–2, नोएडा द्वारा पत्रांक–85 दिनांक 16.07.2026 द्वारा दिनांक 20.07.26 से 25.07.26 तक कार्यभार ग्रहण (ज्वाईनिंग टाइम) अवकाश पर रहने के कारण दिनांक 20.07.2026 से 22.07.2026 तक युगल पीठ से अवमुक्त करने का अनुरोध किया गया है।

उपरोक्त अपरिहार्य परिस्थितियों पर सम्यक रूप से विचार करते हुए, पूर्व निर्गत युगल पीठ गठन आदेश संख्या–591/2026 दिनांक 05.06.2026 एवं संशोधित आदेशांक–678/2026 दिनांक 29.06.2026 द्वारा **जनपद नोएडा** में **दिनांक 20.07.2026 से 22.07.2026 तक गठित युगल पीठ** में सदस्य पीठ–2 नोएडा के स्थान पर सदस्य पीठ–मुरादाबाद को पुनः नामित किया जाता है। उपरोक्त गठित युगल पीठ कार्यक्रम की शेष स्थिति यथावत रहेगी।

तदनुसार सम्बन्धित अधिकारियों को सूचित किया जाये।

ह0/17.07.2026
**(रमेश चन्द–1)**
**एच0जे0एस0**
**अध्यक्ष, वाणिज्य कर अधिकरण,**
**उत्तर प्रदेश, लखनऊ।**

पृष्ठांकन संख्या–वा0क0अधि0/यु0पी0 संशो0/814/2026 दिनांक :: उक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण, पीठ–1 व 2, नोएडा ।
2– सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण, पीठ मुरादाबाद।
3– वैयक्तिक सहायक, अध्यक्ष, वाणिज्य कर अधिकरण उ0प्र0, लखनऊ ।
4– प्रशासनिक अधिकारी/वरिष्ठ सहायक (यात्राभत्ता)/विवरण/वेव अधिकारी, मुख्यालय।

आज्ञा से,

(वीरेन्द्र कुमार)
निबंधक, वाणिज्य कर अधिकरण,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

Scanned with OKEN Scanner